# जे.डी.सी. उत्साह चौधरी ने जलभराव क्षेत्रों का दौरा किया

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने शनिवार को खोखरिया, नांदडी, रमजान जी का हत्था, डीपी चौराहा, सारण नगर प्रभात नगर का दौरा करते हुए विविध जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सचिव भागीरथ विश्नोई, उपायुक्त कंचन राठौड, तहसीलदार मंजू देवासी, अधिशाषी अभियंता नवनीत कुमार त्रिवेदी, सीपी देवडा, प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत, भू अभिलेख शैतान सिंह, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल शर्मा मय जेडीए अतिक्रमण निरोधक टीम मौजूद रहे।

जेडीसी उत्साह चौधरी ने नियमित रूप से जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। उपायुक्त कंचन राठौड ने बताया कि आयुक्त द्वारा खोखरिया नांदडी में पानी निकासी के लिए जेडीए के किए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त कंचन राठौड ने बताया कि आयुक्त द्वारा रमजान जी का हत्था में बंद पडी सीवरेज ट्रंक लाइन को सुचारु करने के लिए नगर निगम अधिकारियों को सूचित किया। आयुक्त चौधरी ने डीपी चौराहा, सारण नगर प्रभात नगर इत्यादि के निरीक्षण के दौरान संबंधित अभियंता को सडक लेवल सही करते हुए पानी निकासी की व्यवस्था करने, आवागमन को सुचारू करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण अभियंताओं द्वारा यातायात को सुचारु करने के लिए आवश्यक कार्य निर्देशानुसार विभिन्न संसाधनों के माध्यम से रात-दिन करवाए जा रहे हैं।



**जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने खोखरिया, नांदडी, रमजान जी का हत्था, डीपी चौराहा, सारण नगर, प्रभात नगर का दौरा कर जल भराव से बने हालात जाने।**

## हस्ताक्षर फर्जी होने की आशंका, मामला दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों की ओर से सालाना इंक्रीमेंट में बढ़ोतरी के लिए दायर की गई याचिका में साइन फर्जी होने की आशंका है। हाईकोर्ट ने कहा कि 101 में से 85 हस्ताक्षर एक जैसे और एक ही पेन से होने का संदेह है। कोर्ट ने मामले में फर्जी साइन से याचिका दायर होने की आशंका व्यक्त करते हुए मामला दर्ज कराने का आदेश दिया।

रजिस्ट्रार देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि 19 अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट में वकील सुरेंद्र सिंह चौधरी ने रणजीत सिंह चौहान और अन्य 101 लोगों की संयुक्त याचिका दायर की थी। इसमें रिटायरमेंट के बाद वार्षिक पेंशन वृद्धि को लेकर मांग की गई थी। इसमें जोधपुर, नागौर, अलवर, जयपुर जिलों के साथ उत्तर प्रदेश-हरियाणा सहित अन्य राज्य के लोग शामिल हैं। ये सभी राजस्थान के विभिन्न सरकारी विभागों से रिटायर्ड हुए हैं। इस याचिका की सुनवाई 23 अप्रैल को की गई थी। कार्ट में दायर याचिका में किए गए साइन में गड़बड़ी पाई गई। कोर्ट ने जब इस मामले में गहनता से जांच की तो करीब 85 याचिकाकर्ताओं के साइन फर्जी होने का संदेह हुआ। इसके बाद जांच कर मामला दर्ज कराने के आदेश दिए थे।

कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्रार के पत्र पर मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट की ओर से उपलब्ध करवाए गए, सभी साइन की एफएसएल जांच की जाएगी। इसके साथ पुलिस सभी 101 लोगों के बयान भी दर्ज करेगी। याचिका में इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि किस याचिकाकर्ता ने किस विभाग में नौकरी की थी और वह कब सेवानिवृत्त हुआ था।

# हिंदी का समावेशीपन ही उसकी ताकत है : सिंदल



**राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति जोधपुर द्वारा संचालित श्री कृष्ण स्वाध्याय केंद्र गीता भवन में हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति पर चर्चा एवं काव्य पाठ का कार्यक्रम हुआ।**

**जोधपुर**, (नि.सं.)। राजस्थान दिव्यांग सेवा समिति, जोधपुर द्वारा संचालित श्री कृष्ण स्वाध्याय केंद्र गीता भवन में हिंदी दिवस के उपलक्ष में हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

प्रतिभागी तन्नु द्वारा हिंदी भाषा की महता पर कविता प्रस्तुत की।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान सरकार के पर्यावरण ब्रांड एंबेसेडर डॉ.निर्मल गहलोत द्वारा मुख्य अतिथि प्रसिद्ध कवि दिनेश सिंदल का सम्मान किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.गहलोत ने बताया कि हिंदी भाषा हमारे स्वाभिमान की भाषा है हमारे गौरव की भाषा है तथा हमें इसका सम्मान करते हुए आगे बढ़ाना है। कवयित्री जायसवाल द्वारा हिंदी भाषा की वर्तमान स्थिति के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि दिनेश सिंदल द्वारा अपने उद्बोधन व काव्य पाठ से कार्यक्रम को रोचक व मनमोहक बना दिया। सिंदल द्वारा एकल काव्य पाठ में विभिन्न समकालीन घटनाओं पर कविता पाठ किया। सिंदल ने बताया कि हिंदी भाषा ताकतवर भाषा है और जो भाषा बोलचाल में होती है वही भाषा जिंदा रहती है,कविता पाठ में बताया कि कविता सुख-दुख को व्यक्त करती है कविता मनुष्य मनुष्य के बीच भेदभाव को खत्म करती हैं। कविता पाठ के साथ गजलों से भी समां बांधा,जिसमें प्रमुख गजल फूल बगिया में..... मौसमी बारूदी.....दियासलाई.... जैसी मनोरजंक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में स्वाध्याय केंद्र के सभी प्रतिभागी व समिति के सहसचिव अमित सिंह,सदस्य गजेंद्र सिंह डॉ.जसराज शर्मा,कर्मवीर सिंह,पुष्पेंद्र सिंह, प्रधान राम, अरुण विश्नोई, किशन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.प्रेम सिंह राजपुरोहित सहायक आचार्य हिंदी विभाग द्वारा किया गया।समिति के मानद महासचिव डॉ.अरविंद जोशी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बिठुजा वाले बाबा रामदेव के नाम जागरण किया

**बालोतरा**, (निसं)। जीनगर समाज श्री रामदेव मित्र मंडल द्वारा एक शाम बिठुजा बाबा रामदेव जी के नाम जागरण का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव जी की महिमा का गुणगान किया और भजनों के माध्यम से उनकी आराधना की। समाज के लोगों ने इस जागरण में बढ-चढकर हिस्सा लिया और भक्तिमय माहौल में बाबा रामदेव जी की कृपा का अनुभव किया। गायक नरपत देवासी ने गणपति वंदना शुरु करके जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बन गया। गायक श्रवण पूरी ने बाबा री धोली धोली ध्वजा फरके भजन गाकर सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके इस भजन से पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ, और भक्तजन भावविभोर होकर भक्ति रस में डूब गए।

पुजारी भंवरलाल व्यास ने बताया कि पिछले 25 वर्षो से जीनगर समाज बालोतरा से बिठुजा संघ जा रहा है। यह परंपरा समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जागरण के दौरान पार्षद गोविंदराम गोयल ने जानकारी दी श्री रामदेव मित्र मंडल इस तैयारी में समाज के सभी सदस्यों का सहयोग होता है, जिससे यात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न होती है और सभी श्रद्धालु बाबा रामदेव के दरबार में अपनी हाजिरी लगाते हैं।

मंच संचालक गोपाल चितारा ने बताया कि बाबा रामदेव के भक्तों द्वारा घोड़ा ध्वजा व अनेकों बोलियां लगाई जाती हैं। यह प्रक्रिया पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होती है, जिसमें भक्तजन अपनी भक्ति और समर्पण को प्रकट करते हैं। जीनगर समाज अध्यक्ष सुरेश चितारा ने बताया कि बाबा रामदेव कलयुग के अवतारी हैं और भक्तों में उनकी आस्था आज भी बनी हुई है। उनके प्रति श्रद्धा और विश्वास समय के साथ बढता ही जा रहा है।

इस दौरान गोपाल राठौड, हरिराम राठौड, ओमप्रकाश चौहान, वासुदेव राठौड, पोलाराम पंवार, रामलाल गोयल, टिकम चंद आसेरी, जीतू पंवार, अशोक व्यास, वीराराम गोयल, कुंदनमल व्यास, ललित व्यास, राजु व्यास, हेमराज चितारा, चेलाराम गोयल, मेवाराम पंवार, डूंगर चंद व्यास, आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण व जल का महत्व बताया

**जालोर**, (कासं)। भारत की सनातन संस्कृति में जलझूलनी एकादशी जैसे अनेक त्यौहार पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश देते है। इसलिए हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के अनुसार पर्व एवं त्यौहारों के माध्यमों से प्रकृति एवं पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। जिसकी वर्तमान में विशेष उपादेयता है। उक्त विचार राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सुंदेलाव तालाब पर आयोजित राजस्थान जल महोत्सव 2024 के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

महंत पवन गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता जालोर जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे ने की। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने जल संरक्षण की शपथ दिलवाई।

# भणियाणा व लंवा पंचायतों में कार्यक्रम हुए

**पोकरण**, (निसं)। इस वर्ष अच्छी बारिश होने पर जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव-2024 का आयोजन किया गया।

पोकरण विधानसभा के भणियाणा व लंवा ग्राम पंचायतों में जल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। भणियाणा स्थित भीम सरोवर पर महंत प्रतापपुरी महाराज सहित अधिकारियों व ग्रामीणों ने दीपदान किया। वहीं लंवा ग्राम में स्थित जानकी तालाब पर भी दीपदान कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस सुखप्रद समय को उत्सव के रूप में मनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के संपूर्ण रूप से भरे बांधों और जलाशयों पर जलझूलनी एकादशी के दिन राजस्थान जल महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया था। जिस पर शनिवार को प्रदेश भर में सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगो ने जल संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की इस वर्ष प्रदेश में अच्छी बारिश होने से धरती पुत्रों के खेतो में अच्छी फसल पैदावार होने की उम्मीद है। इस दौरान बीडीओ नरपत सिंह भाटी, सोहन मूढ, भंवर सारण, प्रधान दोली गोदारा, संतोष पालीवाल सहित राजकीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**धोरीमन्ना संवाददाता के अनुसार :** राजस्थान जल महोत्सव के तहत शनिवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत बूठ जैतमाल स्थित केरली नाडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास अधिकारी भंवराराम कालवी ने जल संरक्षण करने व उसके बचत के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक समन्वयक चुन्नीलाल गोदारा ने स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। सरपंच झीमोंदेवी, समाजसेवी पूनमाराम भाकर, अतिरिक्त विकास आधिकारी भंवरसिंह जादौन, वीडीओ नंदकिशोर, कनिष्ठ सहायक प्रह्लादराम समेत कई जने मौजूद थे।

# सांसद मयंक नायक ने सदस्यता अभियान के कार्य पर संतोष जताया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भाजपा गुजरात ओबीसी के प्रदेशाध्यक्ष एवं गुजराज के राज्यसभा सांसद मयंक भाई नायक द्वारा शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा सदस्यता अभियान के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई व अभियान को ओर तेज गति देने के लिये सदस्यता टीम के साथ साथ सभी उपस्थित जिला पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों से विस्तार से चर्चा की गई। नायक ने अब तक के कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुवे जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुचने की सलाह दी। बैठक में सबसे पहले भाजपा जिलाध्यक्ष

चंद्रप्रकाश सारदा ने जिले की भौगोलिक स्थति व संगठनात्मक कार्य प्रणाली की रूप रेखा प्रस्तुत की। अभियान के जिला संयोजक सवाईसिंह गोगली ने अब तक के सदस्यता अभियान की प्रगति रिपोर्ट पेश की। बैठक में विधायक छोटूसिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रतापसिंह सोलंकी, चंद्रप्रकाश शारदा, सभापति हरीवल्लभ कल्ला, जिला उपाध्यक्ष हिमताराम चौधरी और शम्भूदान भेलानी, प्रधान जनकसिंह भाटी ,जिला मंत्री गेमरसिंह, कंवराजसिंह चौहान व महेंद्र तंवर , एस सी मोर्चा जिला अध्यक्ष मुकेश पवार, सुल्ताना मंडल अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह, नगर मण्डल अध्यक्ष अरुण पुरोहित, मीडिया प्रभारी बाबूलाल शर्मा, आईटी प्रदेश सदस्य नरेंद्र व्यास , विजय बिसानी, आईटी संयोजक गजेंद्रसिंह सोलंकी ,पार्षद गिरधर सिंह सोढा, अरविंद शर्मा ,पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, नगर महामत्री जितेंद्र भूतड़ा व सुरजाराम ओड उपस्थित रहे। जिले के सदस्यता अभियान में 5सौ से अधिक लक्ष्य पूरा करने वालों को सम्मानित किया गया। अभियान में विशेष उपलब्धि के लिये प्रेमराज चौधरी, लक्ष्मण सिंह सुल्ताना, सुशील व्यास, हिम्मत चौधरी व महेंद्र तंवर को दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया।



**भाजपा के गुजरात ओ.बी.सी. मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राज्यसभा सांसद मयंक भाई नायक ने जैसलमेर के जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान के कार्य की समीक्षा की।** फोटो-राष्ट्रदूत

## राज्यपाल कटारिया का पाली दौरा 16 को

**पाली**, (नि.सं.)। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया यात्रा कार्यक्रम के तहत 16 सितम्बर को पाली आएंगे।

निर्धारित कार्यक्रमानुसार पंजाब राज्यपाल कटारिया 16 सितम्बर को सवेरे 7: 30 बजे उदयपुर से प्रस्थान कर 10 बजे पाली पहुंचेंगे। वे श्री गुरु पुष्कर जैन साधना केंद्र संस्थान पाली में नया भवन व भोजन कक्ष के शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। वे इसके पश्चात पाली से उदयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# राजस्थान जल महोत्सव पर तालाबों को संरक्षित रखने का संकल्प किया

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जल झूलनी एकादशी पर शनिवार को बाड़मेर जिले में राजस्थान जल महोत्सव मनाया गया। इस दौरान तालाबों पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ जल एवं तालाब संरक्षण का संकल्प लिया गया।

बाड़मेर जिले में जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक राजस्थान जल महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं महिलाओं तथा बालिकाओं ने शिरकत करते हुए जल संरक्षण का संकल्प लिया। जालीपा ग्राम पंचायत के अमृत सरोवर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलैक्टर टीना डाबी एवं प्रधान श्रीमती जेठी देवी नें विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए आमजन को तालाब एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। जालीपा तालाब पर कार्यक्रम की शुरूआत में जिला कलैक्टर टीना डाबी, प्रधान श्रीमती जेठी देवी समेत अन्य अतिथियों का तिलक, कुमकुम लगाकर स्वागत किया गया। मंगल गीत गाती महिलाओं के साथ कलैक्टर टीना डाबी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, उपखंड अधिकारी वीरमाराम, प्रधान जेठी देवी, विकास अधिकारी अतुल सोलंकी, सरपंच सोनू कंवर ने मंत्रोच्चार के साथ अमृत सरोवर की पूजा-अर्चना की। पंडित रामेश्वर गौड़ ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। जिला कलैक्टर ने बाड़मेर जिले की खुशहाली की कामना करते हुए अच्छे मानसून के लिए प्रकृति को धन्यवाद दिया। प्रशासनिक अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व लोगों ने तालाबों एवं जल संरक्षण का संकल्प लिया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में भू संरक्षण एवं जल ग्रहण विभाग अधीक्षण अभियंता हनुमानराम चौधरी, अधिशाषी अभियंता रामलाल जैन, बेरीवाला सरपंच खरथाराम, नेमसिंह, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता विनय रततानी, डॉ. तारा चौधरी, विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक, विद्यार्थी, ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। इधर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी ने बताया कि बाड़मेर जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार 32 अमृत सरोवर तालाबों का चयन कर जल महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्थान जल महोत्सव के तहत तालाबों की पूजा की गई। उन्होंने बताया कि बाड़मेर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जल संरक्षण बहुत ही जरूरी है। इसको लेकर आम जनता, स्वयंसेवी संगठन, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सुख समृद्धि एवं खुशहाली का संदेश - इस बार पर्याप्त बारिश होने एवं तालाबों में जल की आवक पर ख़ुशी का इजहार करने के साथ महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए सुख समृद्धि एवं खुशहाली का संदेश दिया। महिलाओं ने बताया कि इस बार मानसूनी बारिश से जलाशयों में जल की अच्छी आवक हुई है। इससे सुख समृद्धि एवं खुशहाली साथ चहुमुखी विकास होगा।



**बाड़मेर जिले में राजस्थान जल महोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलैक्टर टीना डाबी ने जालीपा तालाब पर पूजा-अर्चना की।** फोटो-राष्ट्रदूत

## जल प्रकृति का तोहफा, इसको स्वीकारें : डाबी

कलैक्टर टीना डाबी ने जालीपा तालाब पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान आमजन को कहा कि जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। इस बार बांधों और जलाशयों का जलस्तर लबालब हो गया है। इस खुशी में राज्य सरकार के निर्देश पर जलझूलनी एकादशी पर राजस्थान जल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।

टीना डाबी ने कहा कि बाड़मेर एवं जैसलमेर के लोग पानी की कीमत एवं महत्ता अच्छी तरह से जानते है। ग्रामीण सदियों से बारिश के पानी को सहेजते रहे है। जिला कलैक्टर ने कहा कि जल प्रकृति का तोहफा, इसको स्वीकारें। उन्होंने कहा कि महिलाओं का जल संरक्षण में योगदान रहा है। वे लंबी दूरी से मटकों पर पानी लाती रही है। वे इसकी कीमत भी बखूबी जानती है। उन्होंने कहा कि जल हमारे भविष्य की सुरक्षा का आधार है। अच्छे मानसून से क्षेत्र का जलस्तर बढ़ेगा। इससे पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त जलापूर्ति के साथ पर्यावरण भी सुधरेगा। उन्होंने भारी तादाद में महिलाओं की उपस्थिति पर ख़ुशी जताते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता जरुरी है। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम एवं अभियान आमजन की सक्रिय भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंने आमजन से जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाने का अनुरोध किया। जालीपा ग्राम पंचायत की सरपंच सोनू कंवर ने कहा कि पानी भगवान का तोहफा है। इसको बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं एवं बालिकाओं से जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। बाड़मेर ग्रामीण पंचायत समिति के विकास अधिकारी अतुल सोलंकी ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तारा चौधरी ने किया। अतिथियों का साफा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# जल प्रकृति की अनमोल देन, इसका संरक्षण करें : यादव

**बालोतरा**, (निसं)। जलाशयों पर शनिवार को राजस्थान जल महोत्सव 2024" का बालोतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम सिवाना ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुशीप में आयोजित किया।

राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने कहा कि जल प्रकृति की अनमोल देन हैं, हम सभी को इसका सदुपयोग करने के साथ संरक्षण भी करना है।

जल के दुरुपयोग की प्रवृत्ति का हमें त्याग करना होगा। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है इसलिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है। हम सभी को जल को दूषित होने से बचाना चाहिए।

उन्होंने आमजन से जिले के सभी जल स्त्रोतो के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की।

राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश्वर सिंह चौहान ने वृक्षारोपण कर आमजन को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया। तथा जिला कलैक्टर ने ग्राम पंचायत कुशीप के अमृत सरोवर के किनारे मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन किया एवं जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए भगवान इन्द्रदेव का प्रदेश में भरपूर मात्रा में वर्षा जल प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया।

## गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के पुरा मोहल्ला स्थित गणेश भक्त मंडल सेवा समिति के तत्वावधान में शनिवार को गणपति प्रतिमा के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गणपति बाप्पा मोरिया के जयकारो से गुंजयमान हो उठे।

जालोर में गणेश भक्त मंडल सेवा समिति की ओर से सात दिवसीय गणपति महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। शनिवार को भगवान श्रीगणेश प्रतिमा की विसर्जन को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पुरा मोहल्ला से गाजो बाजो के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा में गैरियो व गुजरात के गरबा नृतको ने उत्कृष्ठ नृत्य की प्रस्तुति दी। वही रामू सिरसा ने शिव ताण्डव के नृत्य व अघोरी द्वारा अग्नि नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति, मोटू पतलू, कच्छी घोडी नृत्य, बहुबली सहित कई झांकियों ने आकर्षित किया।


कार्यालय ग्राम पंचायत देवकी पं.स. जालोर
जिला -जालोर

क्रमांक/ग्राम/बोली/2024-25/52 दिनांक 13/09/2024

**ई-बोली सूचना संख्या - 02/2024-25**

ग्रांम पंचायत देवकी में महानरेगाा व अन्य विकास योजनाओं हेतु जारी बोली सूचना वर्ष 2024-25 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 मे योजनाओ के निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी विभाग के अन्तर्गत पंजीकत फर्मो / संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई -पोक्युरमेन्ट प्रकिया से वेबसाईट http:// eproc. rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन बोली आंमन्त्रित की जाती है ।

| ग्रामं पंचायत का नाम | बोली की अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिषत | निविदा शुल्क | E - tender processing शुल्क | ऑनलाइन बोली प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक व समय | प्रोसेसिग शुल्क बोली शुल्क एवं अमानत राशि मय तकनिकि बिड भौतिक रुप से ग्रांम पंचायत में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑन - लाईन बोली खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देवकी | 60.00 लाख | 1.20 लाख | 1000 | 1500 | दि.14.09.2024 को सुबह 9.00 बजे से दि.27.09.2024 को सांय 6.00 बजे तक | दि. 30.09.24 को दोपहर 12.00 बजे तक | दि.30.09.24 को दोपहर 2.00 बजे से |

बोली सूचना में बोली शुल्क बोली प्रतिभूति बोली प्रोसेसिंग फीस राषि शर्ते एवं पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan .gov.in पद देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2425A0365 UBN No. - ZJR2425GLOB00543

सरपंच
ग्राम पंचायत देवकी
पं. स. जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवकी
पं. स. जालोर